# 2025

# HINDI

## Paper : HIN–0400204

## ( प्रयोजनमूलक हिन्दी और कार्यालयी अनुवाद )

*Full Marks* : 60

*Time* : 2½ hours

*The figures in the margin indicate full marks for the questions*

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×8=8

(क) 'प्रयोजनमूलक हिन्दी' भाषा-विज्ञान की किस महत्त्वपूर्ण शाखा के अंतर्गत आती है?

(ख) 'प्रयोजनमूलक' संकल्पना को सटीक रूप से व्यक्त करने के लिए अंग्रेजी के किस शब्द का प्रयोग अधिक उचित है?

(ग) भारत की राजभाषा के रूप में हिन्दी को कब स्वीकृति मिली?

(घ) भारत के संविधान की आठवीं अनुसूची में वर्तमान में कितनी भाषाएँ सन्निविष्ट हैं?

(ङ) 'ज्ञापन' सदैव किस पुरुष में लिखा जाता है?

(च) राजपत्र (Gazette) क्या है?

(छ) हिन्दी शब्द 'हिताधिकारी' का अंग्रेजी पर्याय लिखिए।

(ज) अंग्रेजी शब्द 'Commissioner' के लिए हिन्दी पदनाम लिखिए।

**2.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं छः के अति संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 2×6=12

(क) संपर्क भाषा किसे कहते हैं?

(ख) सर्जनात्मक भाषा की कोई दो विशेषताएँ लिखिए।

(ग) कार्यालयों में कंप्यूटर का क्या महत्त्व है?

(घ) सरकारी और अर्ध-सरकारी पत्र में दो अंतर लिखिए।

(ङ) अनुस्मारक कब लिखा जाता है?

(च) 'महासचिव' एवं 'कुलाधिपति' के लिए प्रयुक्त अंग्रेजी पदनाम लिखिए।

(छ) 'राजभाषा नियम, 1976' में उल्लिखित किन्हीं दो नियमों का उल्लेख कीजिए।

(ज) राजभाषा हिन्दी के समानांतर सरकारी कामकाज के लिए अंग्रेजी भाषा रखने के दो कारण बताइए।

(झ) हिन्दी भाषा के किन्हीं दो प्रयोजनमूलक रूपों का जिक्र कीजिए।

(ञ) 'परिपत्र' और 'प्रेस-विज्ञप्ति' का अंग्रेजी पर्याय लिखिए।

**3.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 5×4=20

(क) राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी ने किसी भी भाषा को राष्ट्र भाषा बनने के लिए किन-किन गुणों का होना आवश्यक माना है?

(ख) 'राजभाषा अधिनियम, 1963' की किन्हीं तीन विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

(ग) निम्नलिखित शब्दों के हिन्दी पारिभाषिक रूप लिखिए :

Transfer ; Supervisor ; Agenda ; Account ; Employee.





(घ) 'वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग' के कार्यालयी अनुप्रयोग पर एक टिप्पणी लिखिए।

(ङ) 'जनभाषा' के महत्त्व पर प्रकाश डालिए।

(च) निम्नलिखित टिप्पणों का अंग्रेजी में अनुवाद कीजिए :

*(i)* इसे अति आवश्यक समझा जाए।

*(ii)* अनिश्चित काल के लिए स्थगित।

*(iii)* प्रस्तुत करने में विलम्ब हुआ।

*(iv)* आदेशार्थ प्रस्तुत।

*(v)* अनुदेश जारी किया गया है।

(छ) अनुस्मारक का एक नमूना प्रस्तुत कीजिए।

(ज) 'संचार-भाषा' पर एक टिप्पणी लिखिए।

**4.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** के सम्यक् उत्तर दीजिए : 10×2=20

(क) प्रयोजनमूलक हिन्दी के आशय को स्पष्ट करते हुए उसके महत्त्व पर प्रकाश डालिए।

(ख) अनुच्छेद 343 एवं अनुच्छेद 351 में हिन्दी भाषा-संबंधी प्रावधानों की विस्तृत चर्चा कीजिए।

(ग) अधिसूचना की परिभाषा देते हुए उसका नमूना प्रस्तुत कीजिए।

(घ) निम्नलिखित वाक्यांशों का हिन्दी अनुवाद कीजिए :

*(i)* Action may be taken as advised

*(ii)* According to

*(iii)* Matter is under investigation

*(iv)* Draft as amended is put up

*(v)* This is to inform you all

*(vi)* Please treat this as strictly confidential

*(vii)* For favour of necessary action

*(viii)* Approved as proposed

*(ix)* I have the honour to say

*(x)* With retrospective effect

(ङ) निम्नलिखित का अंग्रेजी में अनुवाद कीजिए :

**कार्यालय ज्ञापन**

क्रम संख्या 90/100/25 आवास

भारत सरकार

रेल मंत्रालय

नई दिल्ली

दिनांक : 5 मई, 2025

**विषय** : आवास आवंटन

मुझे यह निर्देश प्राप्त हुआ है कि राजपत्रित अधिकारी श्रेणी-1 के करीबन 20 आवास निजामुद्दीन, दिल्ली क्षेत्र में खाली हो गए हैं और आवंटन के लिए तैयार रखे हुए हैं। अतः जो अधिकारी इन आवासों को प्राप्त करना चाहें, वे अपनी वरीयता के क्रमानुसार अपने प्रार्थना-पत्र निर्धारित फॉर्म में दिनांक 30 मई, 2025 तक इस कार्यालय को अवश्य प्रस्तुत कर दें, ताकि उन पर विचार करके आवासों का आवंटन किया जा सके।

ममता बरा

(संयुक्त सचिव)

रेल मंत्रालय, भारत सरकार

प्रति : सभी विभागीय कार्यालय

★★★